प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 24.05.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री कल से 11 जून तक राज्य में विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर करेंगे विभागवार समीक्षा।**
2. **विपक्षी नेता बाबूलाल मरांडी ने धर्म और संस्कृति मुद्दे पर कांग्रेस को दिया जवाब, कहा– सरना, सनातन और हिन्दू एक ही संस्कृति और परंपरा का हिस्सा।**
3. **सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के परिणाम के संबंध में जारी की नोटिस, कहा – विद्यार्थियों की अतिरिक्त राशि लौटायी जाएगी।**
4. **राज्यभर में जारी भीषण गर्मी के प्रकोप से आम जनजीवन प्रभावित, गढ़वा, पलामू और चतरा में लू का अलर्ट।**
5. **रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चल रही 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के तीसरे दिन कई प्रतिस्पर्द्धाएं आयोजित।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर कल से 11 जून तक विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

****

विपक्षी दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने धर्म और संस्कृति मुद्दे पर कांग्रेस को जवाब देते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। रांची में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरना, सनातन और हिन्दू एक ही संस्कृति–परंपरा के हिस्से हैं, इसलिए समाज को बांटने की राजनीति बंद होनी चाहिए।

****

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिमेश रंजन ने आज उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गुमला के पद पर योगदान किया। उन्होंने जिले के संपूर्ण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इधर खूंटी में मो0 जावेद हुसैन ने उपायुक्त के रूप में योगदान किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी। उधर देवघर में सौरव कुमार भुवानिया नए उपायुक्त होंगे।

****

हजारीबाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण की शुरूआत की। मौके पर भाजपा के प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव ने कहा कि जनसंघ से शुरू हुई यह यात्रा त्याग और संघर्षों की गाथा है।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के परिणाम के संबंध में नई सूचना जारी की है। सीबीएसई के अनुसार, अतिरिक्त भुगतान के मामलों में राशि खाते में लौटा दी जाएगी। यह सूचना 21 और 22 मई को गलत फीस कट जाने को देखते हुए जारी की गई है। यह समस्या जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपी के लिए आवेदन के दौरान हुई थी।

****

केंद्र सरकार ने अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों को चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किट की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि ये सामग्री उभरते इबोला संकट को देखते हुए भेजी गई हैं। साथ ही केंद्र सरकार ने इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अफ्रीकी देश की गैर–जरूरी यात्रा न करने की सलाह दी है। सरकार ने इन देशों में मौजूद भारतीय नागरिकों से भी स्थानीय स्वास्थ्य दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने या ऐहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

****

जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने आज जिले के नारायणपुर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध पंजीयों का संधारण, क्षेत्र के फरार चल रहे अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी, मामलों का त्वरित निष्पादन सहित विभिन्न समस्याओं का अवलोकन कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिए ।

****

दुमका जिले में पर्यावरण संकट और लगातार घटते वन क्षेत्र को देखते हुए काठीकुंड प्रखंड की बिछीपहाड़ी पंचायत में वन विभाग की ओर से 'जंगल बचाओ अभियान' का आयोजन किया गया। इस दौरान निझौर गांव की किशोरियों ने पेड़ों पर राखी बांधते हुए संकल्प लिया कि वे जंगल और पेड़ों की रक्षा के लिए हमेशा आगे रहेंगी। कार्यक्रम का नेतृत्व लोक कल्याण सेवा केंद्र ने किया।.

****

बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा बाबानगरी देवघर पहुंचे। बाबा मंदिर में उन्होंने पूजा की और राज्यवासियों के लिए खुशहाली की कामना की।

****

धनबाद के झरिया में 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों ने आक्रोश जाहिर किया। भीषण गर्मी और पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने डिगवाडीह बिजली स्टेशन का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी मौके पर पहुंचीं और विभागीय अधिकारियों को जल्द बिजली बहाल करने का निर्देश दिया।

****

राज्य में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने 25 और 26 मई को गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है तथा लोगों से सतर्क रहने और धूप से बचने की अपील की है।

****

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित हो रही 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का आज तीसरा दिन था। पेश है एक रिपोर्ट————

****